# HAPUR POLICE

## ऑपरेशन शस्त्र

**थाना - बाबूगढ़** **दिनांक 22-04-2026**

**पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ महोदय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शादी समारोह में तमंचा लहराने की सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से सम्बन्धित अभियुक्त को चिन्हित कर किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद।**

**कार्यवाही:-**

दिनांक 21.04.2026 को सोशल मीडिया पर शादी समारोह में तमंचा लहराने की वीडियो वायरल हुई थी जिसका थाना बाबूगढ पुलिस द्वारा संज्ञान लेकर वीड़ियो में दिखाई दे रहे युवक की पहचान कराई तो उसकी पहचान बिट्टू पुत्र अशोक निवासी ग्राम कोटा हरनाथपुर थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड के रूप में हुई।

थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त युवक को कोटा हरनाथपुर जाने वाले रास्ते पर शमशान घाट के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद हुआ है।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबूगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

बिट्टू पुत्र अशोक निवासी ग्राम कोटा हरनाथपुर थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।

**बरामदगी का विवरण:-**

एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. उ0नि0 श्री सूर्यप्रकाश सिंह थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री हरेन्द्र सिंह थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।
3. हो0गा0 900 रविन्द्र कुमार थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़।